



# पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिख समुदाय के लिए सोमवार का दिन बेहद खास था। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से गुरुनानक देव के पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सिखों के पहले गुरू गुरु नानक देव का 554वां प्रकाश मनाया गया। राजधानी के गुरु नानक स्कूल परिसर में दीवान सजाया गया, पूरा वातावरण शबद कीर्तन से गूंज रहा था। गुरुनानक स्कूल के परिसर में सुस्सज्जित पंडाल में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के सहज पाठ के समापन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सहज पाठ में योगदान प्रदान करने वाले पुरुषों एवं महिलाओं को समान्नित किया गया। बच्चों ने मनमोहक कीर्तन गायन किया जिसमें दीवलीन कौर , रेहत कौर , सीरत कौर , हसमीत कौर , वाणी कौर , शामिल थे। तबले पर सांगत हरजस सिंह , और रणप्रीत सिंह ने की। बीबी हरप्रीत कौर ने शब्द गायन किया। बाबा आखे हाजियां शुभ अमला बाजों दोनों रोई,हजूरी रागी भाई भरपूर सिंह ने गुरुनानक जी द्वारा रचित वाणी का गायन किया। गुरु नानक स्कूल एवं गुरु गोबिंद सिंह स्कूल के बच्चों ने कीर्तन गायन किया। कथावाचक ज्ञानी हरमीत सिंह खालसा ने विस्तार से गुरु द्वारा प्रतिपादित आदर्शों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा प्रभु हर जगह है सर्वव्यापी है। कन कन में विराजमान है। दरबार में मत्था टेकने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है थी। स्कूल कैंपस में विशाल लंगर का आयोजन किया गया था। इस दौरान करीब 30 हजार लोगों के लिए प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिरकत की और मत्था टेका। उन्होंने कहा कि गुरु की रेहमत से , मैं सदा झारखण्ड के उतरोतर विकास के लिए कार्यरत रहूँगा। इससे पहले उन्होंने लाह फैक्ट्री रोड एवं गुरु नानक स्कूल के पिछले गेट पर स्तिथ पुराने जर्जर पर नया पुल बनाने के लिए शिला न्यास किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी सांसद संजय सेठ , विधायक सी॰ पी॰ सिंह , नवीन जायसवाल,अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने उपस्थित होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उपयुक्त राहुल सिन्हा वरीय आरक्षी अधीक्षक चन्दन सिंह भी उपस्थित थे। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रांची के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने संगत को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन गगनदीप सिंह सेठी ने किया। गुरमीत सिंह , कुलतार सिंह , त्रिलोचन सिंह, डा॰ हरमिंदर बीर सिंह , रणबीर सिंह राजदीप सिंह छाबड़ा ,रणप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।







## मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की

### गुरु नानक स्कूल परिसर में आयोजित 554वें प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को पीपी कम्पाउण्ड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर पहुंचकर वहां आयोजित 554वें प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त सिख समुदाय एवं देशवासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज का दिन पवित्र दिन है। आज के दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। वैसे तो मुझे कई मौकों पर इस परिसर में आने का मौका मिला है। परंतु आज का दिन हमसभी के लिए काफी विशेष दिन है, क्योंकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना स्थल पर मुझे मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत कुछ बोलने का नहीं, बल्कि सुनने का दिन है। इस परिसर में आज बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित हुए हैं। यहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मैं अपनी ओर से प्रकाश उत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वार्ड संख्या-23/24 के अंतर्गत कडरू एवं हिंदपीढ़ी मुख्य पथ के बीच सेतु निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उपाध्यक्ष झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ज्योति सिंह मथारू, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह सेठी, वित्त प्रधान त्रिलोचन सिंह, गुरु नानक स्कूल के सचिव परमजीत सिंह सहित रणजीत सिंह हैप्पी, परमजीत सिंह टिंकू, बटर सिंह, अमरजीत सिंह, जयदीप चड्ढा, ऋषि छाबड़ा एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# भक्तों ने लगायी स्वर्णरेखा में श्रद्धा की डुबकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा पर को सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर दान-पुण्य किया। स्वर्णरेखा घाट पर तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भक्तिरूपी नदी में श्रद्धा की डुबकी लगायी। नदी के कच्ची घाट, चुटिया स्थित इक्किसो धाम मंदिर में आरोग्य और मनोवांक्षित फल की कामना से पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया। सुरेश्वर महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर समिति द्वारा जहां पूजा-अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी, वहीं दरिद्रनारायण भोज समिति और श्रीकान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत ने भंडारा का भी आयोजन किया गया। हजारों दरिद्रनारायण संग सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ईश्वर का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह ने भी मुख्य रूप से अपनी भागीदारी निभायी। मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की समृद्धि की कामना की।

**1939 से चल रहा भोज :** कार्तिक पूर्णिमा पर स्वर्णरेखा नदी तट पर दरिद्रनारायण भोजन समिति द्वारा 1939 से लगातार भोज का आयोजन किया जा रह है। इसमें चुटिया क्षेत्र के लोग सुविधानुसार भोज सामग्री देते हैं।

जिससे प्रसाद की व्यवस्था की जाती है। अध्यक्ष गिरधारी महतो, कोषाध्यक्ष सूरज महतो, अरविंद कुमार, कैलाश कुमार, जनार्दन प्रसाद महतो, छत्रधारी महतो, राजू महतो, अवध बिहारी, शिव प्रसाद, जनक महतो, ज्ञानी महतो, रतन केशरी, विकास ने इस बार के आयोजन में अपना मुख्य योगदान दिया।



### बनारस की तर्ज पर पीयूष ने उतारी गंगा आरती

इक्कीसो महादेव धाम, स्वर्णरेखा नदी तट पर सोमवार की शाम गंगा आरती का भी अद्भूत नजारा देखने को मिला। यहां जलस्रोतों और पर्यावरण संरक्षण के भाव से पीयूष कुमार ने सहयोगियों संग बनारस की तर्ज पर मां गंगा की आरती उतारी। इसमें मेला आयोजन समिति और सेवा शिविर समितियों के पदाधिकारी और सदस्यों संग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी हिस्सा लिया। आरती उतारकर जलस्रोतों और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

**स्वर्णकार पंचायत ने लगाया शिविर :** कार्तिक पूर्णिमा मेला में श्रीकान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत रांची ने भी सेवा शिविर लगा श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा। अध्यक्ष रविन्द्र लाल,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार, महासचिव संतोष कुमार सोनी, मेला आयोजन समिति के संयोजक मुकेश वर्मा,रतन लाल सोनी, सतीश कुमार वर्मा, लखन लाल, पन्ना लाल बर्मन,सुमित कुमार, अंकित कुमार, सुरेश प्रसाद, गोपाल सोनी, विजय वर्मन, उमेश प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद ने मेला के सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया। इनके अलावा स्वर्णरेखा उत्थान समिति ने भी सेवा शिविर लगाकर भक्तों को हरसंभव सहयोग दिया।

### 10-20 रुपये डांग बिका केतारी

कार्तिक पूर्णिमा पर केतारी खाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इक्कीसो धाम और सेरेश्वर महादेव मंदिर के आस-पास खूब गन्ने की बिक्री हुई। पतला दस और मोटा 20 रुपये डांग केतारी की बिके।

### मेले का जमकर उठाया लुफ्त

स्वर्णरेखा नदी तट पर लगे मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर लुफ्त उठाया। खाने-पीने से लेकर खेल-खिलौने और कई तरह के झूले का अलग आनंद रहा। चाउमिन, गुपचुप, चाट, पाव भाजी, बटाटा बड़ा आदि के व्यंजनों के दूर तक लगे स्टालों में लोगों का तांता सा लगा रहा। पूजन सामग्री, पारंपरिक बर्तन, साज-सज्जा आदि की भी दर्जनों अस्थायी दुकानें सब को लुभाती रही।

# आदिवासी युवा महोत्सव का शानदार समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी युवा महोत्सव का शानदार समापन सोमवार को हो गया। दोपहर में कार्यक्रम का शुरूआत आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य से शुरू हुआ ,जिसमे मुख्य रूप से हो, मुंडा, संथाल एवं खड़िया एसोसिएशन का छात्र द्वारा पारंपरिक नृत्य अपनी भाषा में पेश किया गया। झारखण्ड के 32 आदिवासी समुदाय के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज परंपरा के साथ गीत संगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया। झारखंड के आदिवासी संस्कृति और इतिहास को दशार्या गया इसे सुन कर सभी लोग झूम उठे। बैंड द्वारा मंगरिया नागपुरी गाना प्रस्तुत किया गया जो नागपुरी गाना को मॉडर्न तड़कन के साथ पेश किया गया।अमन कच्छप द्वारा रैप परफॉर्मेंस पेश किया गया जिसमे माडर्न अखरा और वर्तमान आदिवासी सामाज में जो चल रहा है उसको रैप के माध्यम से पेश किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन शामिल हुए, अपने वक्तव्य में आदिवासी समाज को अपनी सुंदर आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य पेश करने के लिए धन्यवाद और आभार वक्त किया साथ ही कहा कि आगे भी झारखंड सरकार द्वारा झारखंड के कला और संस्कृति को प्रस्तुत करने और बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार का हमेशा सहयोग रहेगा। विशिष्ठ अतिथि बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी युवा महोत्सव बहुत बड़ा मंच है आदिवासी कलाकारों को अपने कला प्रदर्शित करने के लिए।आयोजन कमिटी के अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने कहा कि अगले साल इससे भी बड़ा तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा।

सचिव शशि पन्ना ने कहा कि हम झारखंड सरकार सांस्कृतिक निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को इस कार्यक्रम में सहयोग करने के धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने कहा कि हम आशा करते है आने वाले वर्ष सरकार इसी तरह से झारखंड की कला एवं संस्कृति को प्रस्तुत सहयोग करेंगे।


कमिटी के संरक्षक अनिल अमिताभ पन्ना का कहना है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासियों को अपने जड़ों से जोड़ना है ताकि 32 आदिवासी समुदाय के बीच एक सांस्कृतिक और मधुर संबंध स्थापित हो सके। संरक्षक अमरनाथ लकड़ा का कहना है कि आने वाले दिनों में देश के आदिवासियों को एक मंच में लाने का प्रयास होगा।



# यूनियन क्लब का मना स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी की स्थापना दिवस सोमवार को झंडोत्तोलन के साथ प्रारंभ हुआ। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ संगीत प्रस्तुत किया। क्लब के सभापति, सचिव कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सभी सदस्य ने मिलकर भारत सेवा आश्रम पचा बुंडू में भोजन के लिए अनाज दान दिया। शाम में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मुख्य कलाकार पंडित श्यामा प्रसाद नियोगी ने केदार राग के साथ शास्त्रीय संगीत प्रारंभ किया साथ में विलंबित ,द्रुत राग आदि से समा बांध। सितार में चिरसत्य ठाकुर और देवप्रिय ठाकुर, तबले पर है सच्चिदानंद मजूमदार, श्रीजीत चटर्जी ,हारमोनियम पर संचिता दत्त ,तानपुरा में लिपिका दत्ता एवं आदित्य कुमार पांडेय अपना सहयोग दिया।




# ऑपरेशन के बाद पेट में छोड़ दिया टॉवेल महिला की बिगड़ी तबीयत, रिम्स में एडमिट

### मरीज के परिजनों ने डालसा सचिव को पत्र लिखकर लगायी मदद की गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। जीवन बचाने से लेकर लोगों की सेहत सुधारने में उनका अहम रोल होता है, लेकिन डॉक्टर की एक छोटी सी गलती की वजह से मरीज की जान पर बन आई है। आपरेशन के बाद डॉक्टर ने महिला के पेट में ही टॉवेल छोड़ दिया। इस कारण वह पिछले 4 महीने से असहनीय दर्द झेल रही थी। अब रिम्स पहुंचने के बाद महिला का इलाज शुरू कर दिया गया है। वहीं मरीज के परिजनों ने डालसा सचिव को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई है। बताते चलें कि चार महीने पहले महिला की डिलीवरी के बाद डॉक्टरों ने टॉवेल उसके पेट में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से महिला दर्द से परेशान थी।

**क्या है पूरा मामला :** लोहरदगा के मसमानों की रहने वाली कौशिला देवी का ऑपरेशन लोहरदगा सदर अस्पताल में किया गया। इस दौरान टॉवेल पेट में ही छोड़ दिया। इसका खुलासा तब हुआ जब आपरेशन के 4 माह बाद महिला के पेट का अल्ट्रासाउंड कराया गया। इन चार महीनों के दौरान महिला असहनीय पेट दर्द से परेशान रही। 26 जून को महिला कौशिला देवी के पेट का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के कुछ घण्टों के बाद ही उसे दर्द होने लगा. समस्या बताने पर डॉक्टर ने दर्द की दवाइयां दी। दर्द कम होने की बजाये बढ़ता रहा। महिला ने दूसरे डॉक्टर से संपर्क किया। तब डॉक्टर ने रिपोर्ट देखने पर बताया कि उसकी पेट में कपड़े का टुकड़ा छूट गया है। यह सुनते ही महिला और उसके परिजन को शॉक लगा। परिजनों ने बिना देर किए उसे रिम्स में एडमिट कराया। डॉ मीना मेहता की यूनिट में इलाज शुरू कर दिया गया है। वहीं पीड़ित महिला ने डालसा प्रतिनिधि अनीता यादव को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर अनीता यादव ने कहा कि मरीज की हरसंभव मदद की जाएगी। इस मामले में लोहरदगा के सिविल सर्जन राजमोहन खलखो ने कहा कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं है। मेरे ज्वाइन करने के पहले का मामला है। फिलहाल मामला संज्ञान में आया है तो इसमें संबंधित लोगों से जानकारी ली जाएगी।

# पारस अस्पताल रांची ने व्यक्ति के हाथ को कटने से बचाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वैसे तो किसी भी व्यक्ति के शरीर का कोई भी एक अंग अलग कर दिया जाये तो व्यक्ति का पूरा जीवन ही बदल जाता है। उसपर हाथ, जो प्रमुख अंगों में से एक है, हाथ के बिना ज़िंदगी अधूरी सी हो जाती है। पारस के डॉ विवेक गोस्वामी ने एक मरीज के हाथ को बचाकर उसे एक नई जिंदगी दी है। मरीज का रामगढ़ में एक छोटी सी दुकान है और वह अपनी जिंदगी अब सुचारू रूप से चलते हुए साथ में अपने परिवार का भी पालन पोषण कर रहा है। मरीज ने पारस अस्पताल एवं डॉ विवेक गोस्वामी का आभार व्यक्त करते हुए एक नया जीवन देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की।

झारखंड के रामगढ़ ज़िले का एक 50 वर्षीय व्यक्ति की विगत 7 सितंबर को सड़क दुर्घटना हो गई थी। इस दुर्घटना में व्यक्ति का दाहिना हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया था। दाहिने हाथ की दोनों नसें एवं मांसपेशी नष्ट हो गई थी। मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए उनके परिजनों ने पारस अस्पताल लाया। सर्वप्रथम आपातकालीन विभाग में त्वरित इलाज करते हुए मरीज के हाथ के एक नस को जोड़ दिया गया ताकि उसके हाथ को कटने से बचाया जा सके।

पारस अस्पताल के डॉ विवेक एवं उनकी अनुभवी टीम ने मरीज के बायें जांघ से माइक्रो वैस्क्यूलर फ्री फ्लैप लिया और मात्र दो दिनों में ही मरीज के हाथ की सभी क्षतिग्रस्त मांसपेशियों और नसों का निर्माण किया। 5 घंटे तक चलनेवाला यह जटिल ऑपरेशन सफल रहा और मरीज के हाथ को कटने से चिकित्सकों ने बचा लिया। पारस के चिकित्सक डॉ विवेक ने बताया कि मरीज को अस्पताल लाने में यदि एक घंटे की भी देरी होती तो मरीज के हाथ को बचाना नामुमकिन होता।

डॉ विवेक ने बताया कि इलाज के इस तकनीक को फ्लो थ्रू फ्लैप कहते हैं, जिसमें मरीज के शरीर से ही मांस निकालकर उसके हाथों की नस और मांसपेशी का निर्माण किया जाता है। झारखंड की चिकित्सा जगत में पहली बार इस विधि के द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया है। रांची के पारस अस्पताल के माइक्रो वैस्कुलर सर्जरी विभाग में किसी भी तरह का कटा हुआ या जख्मी हाथ को उन्नत तकनीक विधि से जोड़ने के लिए अत्याधुनिक सुविधायुक्त सेवा उपलब्ध है। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल की प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम बेहतर काम कर रही है और पूरा पारस परिवार मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर है। झारखंड राज्य के लिए पारस अस्पताल अपने असाधारण सेवा कार्य को पूरा करने में वरदान साबित हो रहा है।

## आम आदमी को जेल, पुलिसकर्मी को बेल

**रांची।** राजधानी रांची पुलिस ने शहर में दो कानून बनाया है। कानून बनानेवाले ने गैंम्बलिंग एक्ट के आधार पर उनलोगों को छोड़ दिया गया। शहर के सुरक्षित इलाके में जहां से पूरे जिले में दंगा होने पर फोर्स निकलती है, वहां ही जुए का खेल चल रहा था। खुद एसएसपी के निर्देश पर गोंदा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। छह लोगों को हिरासत में लिया गया। इस मामले को पूरी तरह से दबाने की कोशिश की गयी, लेकिन मामला उठ गया। लेकिन, देर रात तक सभी को पीआर बांड पर छोड़ दिया गया। अब यह पूरे शहर में चर्चा चल रही है कि गैंम्बलिंग एक्ट में एक ओर पुलिस जहां आम इंसान को जेल भेज देती है, वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मी के पकड़े जाने पर उन्हें थाने से ही बेल दे दिया जाता है।

## विक्रम चौधरी जेसीआइ रांची के नये अध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष और 20 निदेशकों का भी हुआ चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जेसीआइ नयी कार्यकारिणी का चुनाव सोमवार को संपन्न हो गया। मतगणना के बाद विक्रम चौधरी को नया अध्यक्ष चुना गया। नयी टीम में 6 उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, निशांत मोदी, पियूष केडिया, रवि आनंद, साकेत अग्रवाल एवं तरुण अग्रवाल, सचिव मयंक अग्रवाल, सह सचिव कौशल मुरारका, कोषाध्यक्ष नटवर बाजोरिया को चुना गया। साथ ही संस्था के 20 नये निदेशकों का भी चुनाव हुआ। इसमें आदित्य जालान, अक्षत अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल, अंकित मोदी, अंकित अग्रवाल, अमन सिंघानिया, अमन पोद्दार, दीपक पटेल, मनदीप सिंह, मोहित बगला, प्रवीण अग्रवाल, राहुल टीबड़ेवाल,रौनक टेकरीवाल, ऋषभ जैन, रोहित दयानी, संकेत सरावगी, संदीप खेमका, शिवी तनेजा, शुभम बुधिया एवं वैभव जैन को चुना गया।

इस चुनाव में सभी पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सचिव उपस्थित थे। साथ ही सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष सौरभ शाह की अध्यक्षता में गठित टीम की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस टीम में पूर्व अध्यक्ष विजय पटेल एवं राकेश जैन के साथ सभी पूर्व अध्यक्षों ने अहम भूमिका निभायी। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने अपने आने वाले वर्ष के लिए अपने कार्यकाल की रूपरेखा से सभी सदस्यों को अवगत कराया। टीम 2024 ने सभी को विश्वास दिलाया कि आने वाले वर्ष में सभी लोग मिल कर समाज को नई ऊंचाई तक लेकर जायेंगे।

## पासवा का आभार सह अभिनंदन समारोह कल, राष्ट्रीय अध्यक्ष आज आयेंगे रांची

पुराना विधानसभा के सभागार में होना है आयोजन, सफल बनाने को हुई बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पासवा की ओर से 29 नवंबर को पुराना विधानसभा सभागार में आभार सह अभिनन्दन समारोह का आायोजन किया गया है। इसमें भाग लेने के लिए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद कल 28 नवम्बर को सेवा विमान से रांची पहुंचेंगे। पासवा की महानगर अध्यक्ष डॉ सुष्मा केरकेट्टा ने बताया कि 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस के दिन पासवा के प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे एवं राष्ट्रपति अवार्डी सह पासवा की महासचिव फलक फातिमा को सम्मानित किए जाने के उपरांत पासवा 29 नवंबर को सरकार के प्रति आभार एवं पासवा चेयरमैन का अभिनंदन करेगी। इसी के मातहत राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए रांची पहुंच रहे हैं। पासवा के मुख्य संरक्षक और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति पहले ही दे दी है। डॉ सुषमा केरकेट्टा ने कहा पूरे देश के निजी विद्यालयों के लिए यह गौरव का पल है कि जब किसी निजी विद्यालयों को विधानसभा से राज्य का सबसे बड़ा गौरव सम्मान हासिल हुआ हो। 29 नवंबर को पुराना विधानसभा सभागार में सुबह 11:30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष एवं पासवा पदाधिकारी गण शामिल होंगे एवं पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे का अभिनंदन करेंगे एवं गौरव के इस पर को यादगार बनाऐंगे। 29 नवम्बर के कार्यक्रम को लेकर सोमवार को पासवा की बैठक हुई एवं पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने दी विवाह हेतु सहायता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के द्वारा संचालित समाजिक एव धार्मिक संस्था एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा समय-समय पर निर्धन,असहाय,जरूरतमंदों के बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। इसी क्रम में सोमवार को निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान की गई कन्या नीतु कुमारी माता किरण देवी पिता सर्वेश्वर प्रसाद हरमू हाउसिंग कॉलोनी, हरमू रांची के निवासी है। कन्या के पिता ने संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव से समपर्क करके उनसे अपनी कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान करनें का आग्रह किया कन्या की पिता के




आग्रह पर संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव ने संस्था के सदस्यों की बैठक बुलाई और सदस्यों से निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान करनें का आग्रह किया जिसे संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया संस्था ने कन्या की माता को संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान एवं सुरेश चौधरी के द्वारा निर्धन कन्या की माता को कन्या के विवाह हेतु संस्था ने लगभग कन्या को रू11000/= का समान का सहयोग दिया गया। जिसमें 1पीस साड़ी, दुल्हन की साड़ी का जोडा,कम्बल, मच्छरदानी, तौलिया, दुल्हे के सर्ट पेंट का कपड़ा, दुल्हे की शादी का कुरता पैजामा गठजोड़ा, चाँदी की पायल, बिछीया एवं चाँदी का मंगलसुत्र गले का सेट और सिंगार का समान भेट स्वरूप दिये गये। उपहार का समान मिलने से कन्या के माता पिता बहुत ही खुश हुये और संस्था के सदस्यों को बहुत आशीर्वाद दिया। इस महान कार्य संस्था के सह संरक्षक बिजय जालान अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी,नन्द किशोर चौधरी, शिवभगवान अग्रवाल,बिष्णु सोनी एवं संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थिति थे । यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## डीजी रेसीडेंसी फ्लैट निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन



**रांची।** डीजी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स ग्रुप द्वारा मोराबादी एदलहातु रोड स्तिथ जीवन कंपाउंड मे सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा और प्रकाश पर्व के शुभ अवसर डीजी रेसीडेंसी फ्लैट निर्माण कार्य को लेकर भूमि पूजन का आयोजन किया गया। डीजी रेसीडेंसी एदलहातु मोराबादी क्षेत्र का एक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और खूबसूरत फ्लैट बनने जा रहा है।फ्लैट की हाइट जी+4 फ्लोर का होगा। जिसमे सभी फ्लैट्स 3 बीएचके के होंगे। सभी फ्लैट्स का साइज लगभग 1495 स्क्वायर फीट का होगा। फ्लैट का निर्माण 18 महीने से 24 महीने के बीच कर ग्रहाको को हैंड ओवर कर दिया जायेगा। मौके पर डीजी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स ग्रुप के दोनो पार्टनर धर्मेंद्र राय एवम गौतम राय ने बताया की हमारी कंपनी अपने ग्रहाको को सिर्फ ग्रहाक नही बल्कि अपना परिवार मानता है जिसके लिए फ्लैट के निर्माण मे सभी चीजे उच्च क्वालिटी की लगाई जाती है। यही कारण है की कंपनी लगातार कई वर्षो से रांची के विभिन्न क्षेत्रों मे अपने ग्राहकों के लिए उच्च क्वालिटी के फ्लैट्स बनाता आ रहा है।वही ग्रहाको के लिए बुकिंग शुरू हो चुका है। मौके पर जमीन मालिक भूषण सिंह,कंपनी के ओनर धर्मेंद्र राय एवम गौतम राय सहित अमित कुमार, आर्किटेक्ट मनोज कुमार, शांति देवी, लवलेश ठाकुर, संजीव पांडे, कमलेश राय आदि मौजूद थे।

## आज का राशिफल
22-08-2022

**मेष।** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी फल। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।


**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर होगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

## ब्रदर्स ऐकेडमी की प्रवेश परीक्षा जी- सैट सफलतापूर्वक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नए सत्र के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी के विभिन्न कोर्स में नामांकन हेतु जी- सैट प्रवेश परीक्षा का 26 नवंबर आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न सत्रों में कुल मिलाकर 1543 से ऊपर की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र के पैटर्न और पूछे गए प्रश्नों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पैटर्न की परीक्षा से ही वास्तविक मेधा का चयन संभव है। नए सत्र के लिए 9 अप्रैल -24 से बैच शुरू होंगे।



जो छात्र आज की प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे ब्रदर्स एकेडमी की अगली ग्रैंड - स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट जी-सैट 24 दिसंबर-2023 में भाग ले सकते है जो की ऑफलाइन मोड में नए सत्र के लिए आयोजित की जाएगी। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जा सकता है साथ ही आवेदन पत्र रांची में हमारे लालपुर या डोरंडा परिसर से भी प्राप्त किए जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं। केवल पहले 2000 आवेदकों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है (इसके बाद 500/- रुपये) जी-सैट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ये परीक्षा ही आईआईटी-जी कऔर नीट कोचिंग के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी में नामांकन कराने का एकमात्र तरीका हैं। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को हम पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% छात्रवृत्ति देंगे और प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सर्वाधिक 100% छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जाएगा। वर्तमान में कक्षा 7, 8, और 9 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आईआईटी-जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए एनटीएसई, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को लक्ष्य मानते हुए एक साल / 3 साल / 4 साल / 5 साल: फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आईआईटी जी/ निट (मेडिकल) के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 साल के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जाएगा।

कृपया उपरोक्त समाचार को अपने सम्मानित समाचार पत्र में फोटो सहित प्रकाशित करें। हमारी पूरी टीम आपके सहयोग के लिए आभारी रहेगी।

## कार्तिक मास के अंतिम पुण्यमयी तिथियां पर हो रहे हैं अनुष्ठान संपन्न

**रांची।** श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी )मंदिर में चल रहें कार्तिक मास के अंतिम पुण्यमयी तिथियां पर हो रहे हैं अनुष्ठान सोमवार को संपन्न होगा । कार्तिक शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, चतुर्दशी और पूर्णिमा जीवो का कल्याण करने वाली बताइए गई है । उनकी अति पुष्करिणी संज्ञा है। वे वे सब पापों का नाश करने वाली है । पूरे कार्तिक मास में जो कोई गंगा स्नान और भगवान श्रीवेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना करता है। वह इन्हीं तीन तिथियां में श्री हरि विष्णु बालाजी का पूजा दर्शन और प्रदक्षिणा करके पूर्ण फल का भागी होता है। त्रयोदशी में समस्त वेद जाकर प्राणियों को पवित्र करते हैं, चतुर्दशी में यज्ञ और देवता सब जीवों को पावन बनाते



हैं और पूर्णिया में भगवान विष्णु से अधिष्ठित संपूर्ण श्रेष्ठ तीर्थ ब्रशघाती और शराबी आदि सब पापी प्राणियों को शुद्ध करते हैं। जो गृहस्थ उक्त तीन तिथियां में देव देवेश्वर श्रीपद्मावती बल्लभ भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की पूजा - अर्चना आदि सेवा से संतुष्ट करते हैं, उनके समस्त पितरों का उद्धार हो जाता है और वे जीवन पर्यन्त सुखों का उपभोग करके अंत में परमपद को प्राप्त करते हैं।

## धोखाधड़ी कर अवैध रूप से ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** धोखाधड़ी कर अवैध रूप से ठगी करने के आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीएसपी प्रकाश सोए को गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के वृंदावन नगर पहाड़ टोली का रहने वाला सुरज कुमार लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहा है। इस सूचना को सही पाकर छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी दल ने सूरज कुमार के घर पर छापा मारा और उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद सूरज के घर की तलाशी ली गयी, जिसमें मोबाइल और जाली कागजात बरामद हुआ। जिसकी जांच में पुलिस ने पाया कि इनके मोबाइल में धोखाधड़ी करने से संबंधित बहुत सारे एप्स और वॉइस रिकॉर्डिंग पाया गया।

## विश्व सेवा परिषद का अवॉर्ड समारोह दिसंबर में

**रांची।** विश्व सेवा परिषद रांची की बैठक सोमवार को केंद्रीय कार्यालय कमड़े रांची में हुई। जिसमें कार्यकारिणी के द्वारा सामूहिक निर्णय लिया गया कि दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में देश की राजधानी नई दिल्ली में विश्व सेवा परिषद द्वारा अवॉर्ड समारोह आयोजित होगी। जिसमें तीन स्तर के अवॉर्ड प्रदान किये जायेंगे। परिषद के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ बीबी राज ने बताया कि राज्य सेवा रत्न अवॉर्ड 2023, राष्ट्रीय सेवा रत्न अवॉर्ड 2023, विश्व सेवा रत्न अवॉर्ड 2023, तीनों स्तर के अवार्डी इसमें शामिल होंगे।

## भावना विकास विद्यालय में सविधान दिवस मनाया गया



**रांची।** 74वें सविधान दिवस के मौके पर कोनकी स्थित भावना विकास विद्यालय शिक्षकों एवं छात्रों ने सविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय सविधान के बारे मे अनेक जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए सविधान के सम्मान की सपथ ली। इस दौरान कक्षा दसवीं के छात्र एंव छात्राओं के द्वारा सविधान में निहित मौलिक अधिकारों को शिक्षक एंव छात्रों के समक्ष पेंटिंग के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मौके पर बच्चों को जानकारी दी गयी कि डॉ भीम राव अम्बेडकर द्वारा लिखें गए सविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन का समय लगा था। कार्यक्रम में बच्चे काफी उत्साहित थे।

## नक्सल हिंसा के शिकार लोगों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा, गृह विभाग का निर्देश

**रांची।** नक्सल हिंसा में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मुआवजा देने का निर्देश दिया है। गृह सचिव ने चाईबासा डीसी को बंदगांव थाना क्षेत्र के केडके गांव के रहने वाला ज्योतिष कंडूलना के परिजनों को एक लाख रुपया मुआवजा देने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि बीते 11 अक्टूबर को 2018 को नक्सली ने ज्योतिष कंडूलना नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस घटना के पांच साल बाद मृतक के परिजनों को मुआवजा मिलेगा।

## पंचांग सह कैलेण्डर का हुआ विमोचन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच रांची के तत्वावधान में विद्यापति दलान हरमू के परिसर में आज अपराह्न 3 बजे से वर्ष 2024 का पंचांग सह कैलेंडर का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि पशुपति भामिनि माया के साथ हुई तदुपरांत दीप प्रज्वलित कर एवं महाकवि विद्यापति के चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ललित नारायण मिश्र कालोनी के संस्थापक सर्व श्री शत्रुघ्न कुमार झा को पाग और दोपटा देकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष श्री बिनय कुमार झा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत महासचिव श्री बैद्यनाथ झा जी ने कैलेण्डर सह पंचांग की विस्तृत जानकारी लोगों के बीच रखी। पुनः बारी-बारी से श्री अमर नाथ झा, श्री बद्रीनाथ झा, प्रेम चन्द्र झा, श्री बाबूलाल झा सहित श्री शत्रुघ्न कुमार झा ने अपने अपने विचार साझा किये.

इस अवसर पर श्री पवन कुमार मिश्र एवं श्री निर्भय कुमार झा के नेतृत्व में आकर्षक मैथिली गीतों से लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

इसके बाद मिथिला का प्रसिद्ध लोक पर्व सामा चकेवा का आकर्षक आयोजन हुआ। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती कमला चौधरी धर्म पत्नी स्व सुबोध चौधरी ने सामा चकेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए घर घर से डाला लेकर आए प्रतिभागियों को मंगल कामना के साथ शुभकामनाएं दी। तदुपरांत महिला सदस्यों के देख रेख में पारंपरिक गीतों एवं विधानो के संग पूरे उल्लास के साथ पर्व को मनाया गया, जिसमें विशेष रूप से श्रीमती अंजु झा, श्रीमती मंजु झा, श्रीमती किरन झा, मती रेनू झा, श्रीमती बिट्टू झा, श्रीमती डॉक्टर आभा झा सहित काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति से परिसर शोभायमान लग रहा था। रांची के अलग अलग क्षेत्रों से कुल 54 प्रतिभागियों ने डाला के साथ पर्व में हिस्सा लिया।

प्रतियोगियों में प्रथम पुरस्कार श्रीमती तृप्ति झा, द्वितीय श्रीमती प्रीति झा एवं तृतीय श्रीमती अंजली झा तथा श्रीमती रूबी झा को संयुक्त रूप से मिला। समारोह को सफल बनाने में अध्यक्ष श्री बिनय कुमार झा, महासचिव श्री वैद्यनाथ झा, कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार झा, श्री बद्रीनाथ झा, श्री अरुण कुमार झा, श्री अमरनाथ झा, श्री संतोष कुमार झा, श्री दयाशंकर चौधरी, श्री चन्द्र नाथ झा, श्री प्रेम चन्द्र झा, श्री जयंत कुमार झा, श्री भारतेन्दु कुमार झा, श्री मोहन झा परोसी, श्री ब्रज कुमार झा सहित काफी संख्या में सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में जुट जायें कार्यकर्ता : राकेश किरण महतो

रांची। रांची जिला कांग्रेस कार्यालय में पंचायत अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कमिटी के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी ने निर्णय लिया है कि रांची जिला एवं सभी 18 प्रखंडों के अंतर्गत सभी 306 पंचायतों मे झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम की आयोजन हेतु पंचायतवार एवं तिथिवार स्थल निर्धारण से संबंधित संसोधित प्रस्ताव पारित के अनुरूप दिनांक 24 नवम्बर 2023 से प्रारंभ हो चुके इस कार्यक्रम की पूर्ण रूप से सफलता के लिए रांची जिला के सभी 18 पंचायतों के सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के गांव,टोला एवं मुहल्ले के प्रत्येक जरुरत मंदों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित व मदद करेंगे। साथ-ही-साथ व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करें ताकि महागठबंधन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा



**रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा मिले। राजभवन पहुंचे अर्जुन मुंडा ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।**

स्पीड न्यूज

## मांडर : सड़क हादसे में घायल युवा की मौत


मांडर। मांडर. बुढ़मू मुख्यपथ पर स्थित चटवल मोड़ के निकट रविवार शाम हुई सड़क हादसे में घायल 15 वर्षीय सोसई आश्रम निवासी आशीष एडवर्ड एक्का का रिम्स में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। बताया जाता है कि आशीष एडवर्ड एक्का को रविवार की शाम उक्त स्थान के निकट करीब साढ़े पांच बजे एक अज्ञात वाहन ने उसे अपने चापेट में ले लिया जिस्से वह गम्भीर रूपसे घायल हो गए। घटना के बाद घायलावस्था में उसे रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया था जहां इलाज के क्रम में के उसकी मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार आशीष एडवर्ड एक्का पिता अमर ज्योति एक्का अपने घर का इकलौता पुत्र था और वह संत जेवियर्स हाई स्कूल मांडर में दसवीं कक्षा में पढ़ता था।

## इटकी : स्कूटी से गिरकर युवक घायल



इटकी। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर कुर्गी गांव के समीप सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार सचिन केरकेट्टा (26 वर्ष) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक कुंदी गांव का निवासी बताया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त स्कुटी को जब्त कर घायल को इलाज के लिए बेड़ो अस्पाताल पहुंचाया है। घटना के संबंध में बताया गया कि स्कूटी सवार तेज रफ्तार से सड़क पर बने गड्ढे में आ गया जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और गिर गया जिससे उसके माथे सहित शरीर के अंगों में गंभीर चोटे आई है।

## ओरमांझी में भगवान कार्तिक पूजा मेला आज



ओरमांझी। रास मेला पूजा समिति ओरमांझी द्वारा सोमवार को भगवान कार्तिक महराज की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा किया गया। समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने बताया कि मंगलवार को कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर रास मेला लगाया जाएगा। वहीं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावे रात्रि सात बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मेला व कार्यक्रम का मंच तैयार हो गई है। वहीं बच्चों के झुले, ईख व मिठाई की दूकाने लगने शुरू हो गए हैं। वहीं सोमवार को रात्रि आठ बेज हुई भगवान कार्तिक महराज की पूजा में समिति के अध्यक्ष के सत्यनाराण तिवारी, सचिव दिलीप मेहता, कोषाध्यक्ष संतोष कुषवाहा, उपाध्यक्ष सुरेष मेहता, उपसचिव प्रयाग महतो, उपकोषाध्यक्ष रवि वर्मन, समिति के सदस्यों के साथ विक्रांत तिवारी व काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थें।

## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबाल आज से

ओरमांझी। शिव शिष्य परिवार द्वारा आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू होगा। प्रतियोगिता में 16 फुटबाल टीम शामिल हुए हैं, और सभी मैच बुढीबागी खेल मैदान गुरगाई में होगी। आयोजन समिति युवा पावर फुटबाल क्लब गुरगांई के सचिव बिनोद महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 28 से 30 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप और 30 नवंबर को फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अर्चित आनंद होंगे।

### कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती पर केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते ने कहा

# आदिवासियों के मसीहा थे कार्तिक उरांव

## ट्राईबल इंडिया का हुआ विमोचन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि



समारोह का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते ने कहा कि स्व कार्तिक उरांव आदिवासियों के मसीहा थे। उन्होंने लोगों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का गठन किया। राज्यों में शाखाएं स्थापित कर स्कूल व कॉलेज खोली। राष्ट्रीय जनजातीय सुरक्षा मंच को समाज का कवच बताते हुये श्री कुलस्ते ने आदिवासियों के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक विकास पर जोर दिया। वह बाल विकास विद्यालय में आयोजित स्व उरांव की 99 वीं जयंती समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेशराम भगत, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, किरण बाला, डॉ अवतारमल मीना तथा परिषद के राज्याध्यक्षो ने भी अपनी बातें रखी। स्वागत भाषण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने दिया। इससे पूर्व अतिथियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उनकी स्मृति में पौधरोपण के बाद स्मारिका ट्राईबल इंडिया का लोकार्पण भी किया।

### गीत-संगीत का चला दौर

नागपुरी गीत-संगीत का दौर चला। सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी हुयी। युवक .युवती और बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। लोक गायक पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख ने कला की छटा बिखेरी। उत्कृष्ट सेवा के लिये कई परिषद कर्मी सम्मानित किये गये। संचालन सपना रानी और धन्यवाद ज्ञापन परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव ने दिया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

रंजीत मिश्र, सरयु सिंह, सुकरा उरांव, पुनई उरांव, सुखदेव टोप्पो, लीलावती देवी, प्रो रंथू उरांव, सुकरा उरांव, नेहा सिंह, महादेव उरांव, अशोक ठाकुर, लाला उरांव, देवीया उरांव, उदय जायसवाल, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रायें व विभिन्न राज्यों से आये परिषद कर्मी आदि।

## कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को दिलायी पहचान : शाहदेव

### जयंती पर लगा 21 पड़हा जतरा



खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि कार्तिक बाबू महान व्यक्तित्त्व के धनी थे। उन्होंने लोगों को शिक्षित बनाने का बीड़ा उठाते हुये जनजातीय समाज को राष्ट्रीय पहचान दिलायी। श्री शाहदेव 21 पड़हा संचालन समिति की ओर से हाई स्कूल मैदान में आयोजित स्व उरांव की 99 वीं जयंती सह जतरा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव, एसीएस के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, मीडिया प्रभारी सुमित उरांव डॉ कृति सिंह मुंडाए अमित मुंडा, सांसद प्रतिनिधि बिमल उरांवए मुखिया जयश्री उरांव, ज्योति भगत व महावीर विश्वकर्मा ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व अतिथियों ने स्व उरांव की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता हुसे उरांव ने की, जबकि संचालन शंकर उरांव ने किया।

### मेला में झूले रहे आकर्षण के केंद्र

खोड़हा टीमों ने नृत्य की छटा बिखेरी। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी। जतरार्थियों ने मिठाई, केतारी और घरेलू चीजों की खरीदारी की। ठेला .खोमचा व चाऊमीन वालों की चांदी रही। विद्युतचालित झूले आकर्षण के केंद्र रहे। मौके पर जितेश्वर मुंडा, विश्वनाथ उरांव, मंगल उरांव, रीता भगत, नगिया उरांव, शंकर कुशवाहा, बिरेंद्र उरांव, सोमरा उरांव, चमरू उरांव, राजू वर्मा, सुनिल उरांव, चंदर उरांव, बंधन उरांव, रोशन तिग्गा मौजूद थे।

## अनगड़ा में आजसू पार्टी के पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति



अनगड़ा। खिजरी विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की एक बैठक सोमवार को बेड़वारी गांव में हुयी । बैठक में अनगड़ा प्रखंड के 16 पंचायत में पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति इस प्रकार गई जिसमें राजाडेरा पंचायत से धर्मेंद्र सिंहएपैका से आशाराम महतो जगरनाथ महतोबोंगाईबेड़ा से सुरेंद्र महतो किसुन महतोचतरा से सहेबराम महतो अर्जुन राम हरातू से जलनाथ चौधरी अनगड़ा पारसनाथ उराँव राजेंद्र शाही मुंडा लुपुंग से रोशन मुंडा अजीत महतो चिलदाग से बीरेंद्र सिंह भोक्ता हेसल से आतिश महतोहेसातु से आतिश महतो पारसनाथ महतो नवागढ़ से जगदीश महतो जलनाथ चौधरी गेतलसूद से जगरनाथ महतो राजेश पाहनसिरका से प्रेम साहू महाबीर महतो बीसा से पारसनाथ उराँव कुचु से सुनील करमाली राजेंद्र शाही मुंडा तथा साल्हन पंचायत से पंकज महतो अजीत महतो बैठक में सभी प्रभारियों को हर पंचायत से 2 दिसंबर तक ग्राम प्रभारी महिला एंव पुरूष गठन करना है।

# बुढ़मू और अनगड़ा में सड़क हादसे में तीन युवक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

बुढ़मू। सोमवार शाम लगभग सात बजे हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एकघायल हो गया। जानकारी के अनुसार तीनो यूवक सोसई जतरा से नवदा गंझू टोला स्थित अपने घर जाने के दौरान गुरहा नाला के पास अज्ञात टर्बो की चपेट में आ गये जहां दो युवकों की घटनास्थल पर ही हो गयी।मृतकों की पहचान नवदा गंझू टोला निवासी छोटेलाल गंझू 28 और करमा गंझू 32 के रूप में हुई है वहीं तीसरा युवकविक्रम गंझू घायल हो गयाण ।जानकारी के अनुसार यह तीनों मोटरसाइकिल से सोसई मेला देखकर अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान अज्ञात टर्बो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और छोटेलाल गंझू और करमा गंझू के सिर को कुचलते हुए टर्बो फरार हो गया।ण जिप सदस्य रामजीत गंझू घायल को लेकर सीएचसी आए जहां उसका इलाज किया जा रहा हैण सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतक को लेकर सीएचसी पहुंची जहां जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

अनगड़ा थाना क्षेत्र अर्न्तगत रांची पुरुलिया सड़क पर राजाडेरा मन्दिर के पास सोमवार करीब सात बजे शाम में एक सडक दूर्घटना बाईक चालक अजीत मुन्डा नामक एक 24 वर्षीय युवक की म्हत्यु हो गयी तथा बाईक मे सवार पनेलाल बेदिया नामक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया । घटना के संबंध मे बताया गया कि बाईक में सवार दोनो युवक थाना क्षेत्र के हापत बेडा गांव के रहने वाले थे तथा दोनो अनगड़ा की ओर से बाईक में अपन अपना घर हापत बेडा जा रहे थे इसी बीच राजाडेरा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो रिक्सा को बाईक चालक ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दिया । घटना की सूचना पाकर अनगड़ा पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया जबकि मृतक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया । दूर्घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया । बताया गया बाईक चालक अत्यधिक शराब के नशे में था।

# श्रद्धालुओं ने तालाबों में स्नान कर की पूजा-अर्चना

### कार्तिक पूर्णिमा



खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने नदियोंए सरोवर तथा तालाबों में डुबकी लगाई और पवित्र स्नान किया। वहीं हरिहरपुर जामटोली व मुड़हर पहाड़ सहित ऐतिहासिक महादानी मंदिर में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना किया। कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव आयोजन समिति के तत्वाधान में समुद्र तल से 2226 फीट ऊंची हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के साथ साथ अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक पहाडो. के ऊपर श्रद्धा और भक्ति का नजारा देखा गया। भाजपा के दिग्गज नेता डॉ अरुण उरांव सहित कई लोगों ने शिवालयों में माथा टेका और भगवान भोलेनाथ से लोगों की खुशहाली की कामना किया। डॉ अरुण उरांव ने कहा कि हरिहरपुर जामटोली पहाड़ अत्यंत खूबसूरत पर्यटन स्थल हो सकता है। इसे पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की जरूरत है। इस दौरान जामटोली पहाड़ पर मेले के दौरान विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। देर शाम अखंड हरिकीर्तन की पूणार्हुति व यज्ञ मंडप में हवन पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संत श्री जयराम सत्य प्रेमीए मुख्य संरक्षक मनोज लकड़ाए दीपक सिंहए विश्वनाथ गोपए वाणी कुमार रायए आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश गोपए उपाध्यक्ष धनंजय महतोए उपाध्यक्ष संदीप प्रमाणिकए उपाध्यक्ष दुर्गा महतोए उपाध्यक्ष सोमरा महतोए सचिव चरवा उरांवए सह सचिव पितांबर गोपएसह सचिव दयाल गोपए सह सचिव रौशन कुमार केरकेट्टा कोषाध्यक्ष महावीर गोपए आकाश गोपए बिरसा उरांवए 12 पड़हा राजा विशाल उरांवए ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा शामिल हैं।

## पिठोरिया में सिंगबोंगा जतरा को लेकर बैठक

पिठोरिया। बाढ़ू नवाटोली में सिंगबोंगा जतरा के सफल आयोजन को लेकर योगेन्द्र उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जतरा समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र उरांव ने सिंगबोंगा जतरा को पूर्वजों के धरोहर बताते हुए इसे 12 दिसम्बर को पारंपरिक रुप से मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि रांची विवि के नवीन परिसर हेतू सरकार द्वारा जबरन कृषि योग्य भूमि अधिग्रहण किया जा रहा था। विस्थापन के खिलाफ लंबे संघर्ष कर बाढ़ूए नवाटोलीए कोकदोरोए मदनपुरए सुतियाम्बेए पिठोरिया के दर्जनों किसानों की जीत का इतिहास है। यहां के किसान संघर्ष कर जलए जंगल जमीन का मालिकाना हक पाया है। बैठक में शिवशंकर उरांवए मनीष उरांवए विष्णु मुंडाए महमुद आलमए कजरु महलीए जगदीश पहानए बिलेन्द्र मुंडाए एतवा उरांवए बिरबल उरांवए राजेश तिर्की आदि मौजूद थे।

## अंश क्लब कांके ने बड़ाम को 1-0 से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचा

सिकिदिरी। अंश क्लब कांके की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। सोमवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये क्वाटरफाइनल मैच के संघर्षपूर्ण मुकाबले में कांके ने फोरएस बड़ाम को 1.0 से हराया। खेल के 8वें मिनट में मिले एक पेनाल्टी में कांके टीम के नितिन ने टीम को निर्णायक बढ़त दिला दी। एक गोल से पिछड़ने के बाद बड़ाम ने लगातार आक्रमण जारी रखा। कांके के गोलची शाहिद अंसारी ने कई शानदार बचाव कर अपनी टीम को विजयी बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाया। कांके की ओर से बाबा नायक व काशिद ने शानदार खेल दिखाया। कांके टीम के अनीस को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी के संस्थापक डॉ रमनेश प्रसाद व विशिष्ट अतिथि जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर डॉ रमनेश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतना भव्य आयोजन फुटबाल को बढ़ावा देने का काम कर रही है। हमें अपने जीवन भी फुटबाल की नीति के आधार पर जीना सीखना होगा। 28 नवंबर को राजेन्द्र यूनाईटेड गेतलसूद का मुकाबला एएससीआर पतरातू के बीच खेला जाएगा। मौके पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डाए सीइओ जैलेन्द्र कुमार मौजूद थे।

# राष्ट्र निर्माण में एनसीसी का अह्म योगदान

### 75वीं वर्षगांठ



खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में एनसीसी कैडेट्स के बच्चों ने रविवार के दिन एनसीसी के 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया। 75वीं वर्षगांठ में एनसीसी कैडेट्स के विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम रंगोली से बनाकर दीप प्रज्ज्वलित कर पूरे कैडेट्स की ओर से शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। इस दौरान एनसीसी एनओ जिछु शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनसीसी के उल्लेखनीय योगदान है। एनसीसी आज के दौर में एक असाधारण मंजिल पर पहुंच गई है।75 वर्षों में प्रतिष्ठित संगठन अपने लोकाचार पर दृढ़ रहा और युवाओं के बीच एकता और अनुशासन का प्रतीक बनकर उभरा है। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कहा कि एनसीसी को राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका पर अति गर्व है। लाखों एनसीसी कैडेटों के चरित्र को दिशा देनेए कर्तव्य की भावना पैदा करने और हमारे देश के भविष्य के लिए नेतृत्व को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर आरती कुमारी ने की। मौके पर उज्जवल पालए अपूर्वा आनंदए पंकज कुमारए विक्रम कुमारए अभिषेक कुमारए अभय कुमारए मानती कुमारीए शिवानी कुमारीए आयुष कुमारए नैन्सी कुमारीए नेहा कुमारीए अनुष्का कुमारीए सोनम कुमारी सहित अन्य की ओर से कई कैडेट्स उपस्थित थे।

# डकरा गुरुद्वारा में गुरुनानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व

### लंगर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। सिखों के प्रथम गुरु नानक देव महाराज जी का 554 वां प्रकाश पर्व डकरा गरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारे में निशान साहिब का चोला बदला गया। और दीवान साहिब को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा में मौजूद श्रद्धालुओं को मंजीत सिंह उर्फ मुरारी बाबा के द्वारा गुरु ग्रंथ गुरुवाणी का पाठ कराया। वही कमलदीप कौर व अमित मिश्रा के द्वारा कीर्तन भजन गायन कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव सरोवर किया। कोयलांचल के नानक साहब के श्रद्धालुओं ने दीवान साहिब के समक्ष माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। तथा हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एन एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा एनके एरिया गुरु नानक देव जी के कृपा से चल रहा है। नानक देव अपना पूरा जीवनए समाज सुधारक के रूप में समर्पित कर दिए। कार्यक्रम में पुरनाडीह पीओएकेडीएच पीओएचुरी पीओ सहित अन्य सीसीएल पदाधिकारियों ने प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा में आकर माथा टेका। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिख संगत के अलावे स्थानीय प्रबुद्ध लोगों का सराहनीय योगदान रहा ।

एक नजर में

## ओरमांझी : बिजली पोल हटाये बिना बना दी गयी सड़क, बड़े हादसे को न्योता



ओरमांझी। सड़क के बिचोबिच बिजली का पोल से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटनाएं। एनएच-20 पथ मेसरा से बुटी मोड़ सड़क के बिच में एक-दो नही दर्जनों की संख्या में बिजली पोल गड़े हैं। पहले टू-लाइन सड़क के बिच में डिवाइडर बनाया गया। जिससे सड़क की चैड़ाई कम हो गई। जब वाहनों का गुजरने में परेषानी होने लगी। तो अब सड़क के किनारे की बिजली पोल हटाए बिना ही सड़क की चैड़ीकरण कर दिया गया है। जिससे उक्त सड़क से गुरने वालों के आगे गंभीर खतरा बन गया है। आजसू जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य संजय कुमार, समाज सेवी राधाचरण सिंह, रामलखन महतो, उमेष यादव, सुरेष सिंह सहित कई लोगों ने विभाग से संज्ञा लेकर बिजली पोल जल्द हटाने की मांग की गई है।

## तमाड़ : एक किलो गांजा के साथ चार गिरफ्तार, जेल

तमाड़। थाना क्षेत्र तमाड़ .खूंटी पथ मे सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के क्रम मे सिंदरी से तमाड़ की और आ रहे दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगो को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को सामने देख दोनो मोटरसाइकिल तेजी से भागने लगे। तभी पुलिस ने पीछा करते हुए दोनो वाहनो को पकड़ा। पुलिस ने चारो लोगो की तलाशी ली। तब पुलिस को उनके पास से 1 किलोग्राम ग्राम गांजा मिला। पुलिस के पूछताछ करने पर चारो युवक ने अपना नाम अश्वनी मिश्रा, सुरेश सिंहए अक्षय कुमार सिंहए अभय कुमार सिंह बताया। सभी धुर्वा रांची निवासी है। पुलिस ने चारो युवको को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवको ने बताया की वें सभी गांजा की तस्करी लंबे समय से करते है। आरोपियों ने गांजा के कारोबार मे अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। चारो गिरफ्तार युवको को जेल भेजा गया।

## समाजसेवी पंकज सिंह ने दो प्रतिष्ठानों का किया उद्घाटन



कांके। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी पंकज सिंह ने कांके मेन रोड स्थित ब्रह्मचारी नगर में विची और एपिक्स इनफॉर्मेटिक्स नामक दो प्रतिष्ठानों का फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर पंकज सिंह ने कहा कि इन दोनों प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र के लोगों को कम लागत पर इन प्रतिष्ठानों का लाभ मिलेगा। वही संचालक युवा उद्यमी स्मृति प्रियंका कुजूर ने बताया कि विची में पश्चिमी व जनजातीय पोशाक दुल्हनों के परिधानए डिजाइनर बैगए घरेलु सजावट के सामान सुगंधित मामबत्तियां आदि ग्राहकों को उपलब्ध होगी। वहीं पुरुषों के पोशाक की सिलाई भी इस प्रतिष्ठान में होगी। वही एपिक्स इनफॉर्मेटिक्स में ग्राहकों को रेलवे एयर टिकट बुकिंग फोटोकापी रोजगार और परीक्षा संबंधी जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा के फॉर्म भी यहां पर लोग आकर भर सकते हैं। इसमें यात्रा और पर्यटन संबंधी सभी सेवाएं और जानकारियां ग्राहकों को मिलेगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में विचार-विमर्श



अनगड़ा । प्रखण्ड के अनगड़ा डाक बांगला में सोमवार को पार्टी संगठन को मजबुती प्रदान करने को लेकर अनगड़ा मडल कांग्रेस अध्यक्ष बरतु मुण्डा की अध्यक्षता में कॉंग्रेस पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक हुई । बैठक में कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि जब तक अनगड़ा प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता है तब तक दोनों अनगड़ा मण्डल अध्यक्ष यथा बरतु मुण्डा पश्चिमी एंव विजय खलखो पूर्वी ही प्रखण्ड का कार्यभार की अध्यक्षता करेंगे बैठक मे निर्णय लिया कि आगामी छह दिसम्बर को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । श जिसमें पंचायत स्तर से लेकर प्रखण्ड स्तर के सभी कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में मुमताज खान विश्राम महतो फारूख खान मुना मुण्डा सफीक अंसारी छोटेलाल महतो समशाद अंसारी इरफान अंसारी राजदेव पहान मौजूद थे।

